हिमाचल प्रदेश बारहवीं विधान सभा

(ग्यारहवां सत्र)

लिखित उत्तर हेतु प्रश्न

बुधवार, 16 मार्च, 2016/26 फाल्गुन, 1937 (शक्)

[**सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री - स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री - वन मंत्री - शहरी विकास मंत्री - सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री तथा सहकारिता मंत्री**].

कुल प्रश्न - 4

स्वास्थ्य संस्थानों में रिक्तियां

1253 **श्री बलबीर सिंह वर्मा(चौपाल) :**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) चौपाल विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत स्वास्थ्य संस्थानों में विशेषज्ञ चिकित्सक, चिकित्सक, बाल रोग विशेषज्ञ व पुरूष तथा महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता के कितने-कितने पद रिक्त हैं; ब्यौरा संस्थानवार दें;

(ख) इन रिक्त पदों को कब तक भर दिया जाएगा; ब्यौरा दें; और

(ग) इस क्षेत्र में विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों में अधिकारियों/कर्मचारियों के कितने-कितने पद रिक्त हैं; इन्हें कब तक भर दिया जाएगा; ब्यौरा दें?

आंगनबाड़ी केन्द्र

1254 **श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू):**

क्या **सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) वर्तमान में जिला कुल्लू में कितने आंगनबाड़ी केन्द्र हैं; ब्यौरा दें;

(ख) इनमें से कितने के भवन बन कर तैयार हो चुके हैं व कितने किराये के भवनों में चल रहे हैं; ब्यौरा दें; और

(ग) इनमें से कितने भवन वन भूमि पर बने हैं; ब्यौरा दें?

बंदरों की नसबंदी

1255 **श्री राकेश कालिया (गगरेट)ः**

क्या **वन मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) वर्तमान में जिला ऊना में कितने बंदरों की नसबंदी की गई; ब्यौरा विधान सभा क्षेत्रवार दें; और

(ख) सरकार इस विधान सभा क्षेत्र में बंदर नसबंदी केंद्र खोलने का विचार रखती है?

स्वास्थ्य संस्थान

1256 **श्री बलदेव सिंह तोमर (शिलाई)ः**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) वर्तमान में शिलाई विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत कितने सामुदायिक, प्राथमिक तथा उप-स्वास्थ्य केन्द्र हैं; ब्यौरा केन्द्रवार दें;

(ख) इनमें से कितने संस्थानों के भवन बने हुए हैं तथा कितने भवन बनाने हेतु धनराशि स्वीकृत हो चुकी है; ब्यौरा दें; और

(ग) इन संस्थानों में कितने पद स्वीकृत हैं और कितने रिक्त हैं; ब्यौरा दें?

शिमलाः 171004. **सुन्दर सिंह वर्मा,**

दिनांकः 29 फरवरी, 2016. **सचिव।**